# National Library Week Celebrated at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 23-11-2024**

# बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन




महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को बुक कवर डिजाइन की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह और डॉ. विकास की ओर से प्रदान किए गए। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 23-11-2024**

## बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित




बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र व शिक्षक ● सौ. प्रवक्ता

**संवाद सहयोगी, जागरण** ●

**महेंद्रगढ़ :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को बुक कवर डिजाइन की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह और होटल प्रबंधन और पर्यटन विभाग में सहायक आचार्य डा. विकाश द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समन्वयन विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डा. संतोष सीएच, उप पुस्तकालयाध्यक्ष डा. राजीव वशिष्ठ, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष और सूचना वैज्ञानिक नरेश कुमार तथा डा. विनिता मलिक ने किया।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 23-11-2024**



महेंद्रगढ़। बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत बुक कवर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह और होटल प्रबंधन और पर्यटन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. विकास द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समन्वयन विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सीएच, उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष और सूचना वैज्ञानिक नरेश कुमार तथा डॉ. विनिता मलिक ने किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 27-11-2024**

# केवि में हुआ हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति की प्रेरणा व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अच्छे हस्तलेखन के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम की समन्वयक, सूचना वैज्ञानिक ने बताया कि पठनीय और स्पष्ट हस्तलेखन विद्यार्थियों को न केवल तेजी से लिखने में मदद करता है, बल्कि यह उन्हें लेखन के उच्च-स्तरीय पहलुओं और सामग्री पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा भी प्रदान करता है। उप पुस्तकालयाध्यक्ष ने प्रतियोगिता के नियमों के बारे में सभी प्रतिभागियों को बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिराग, प्रोफेशनल असिस्टेंट और सुशील, सेमी प्रोफेशनल असिस्टेंट ने आवश्यक व्यवस्था की। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. विवेक बाल्यान और मनोविज्ञान विभाग की प्रो. पायल चंदेल ने पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 27-11-2024**

## हकेंवि में हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा व मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष हुलगाबली ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अच्छे हस्तलेखन के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम की समन्वयक, सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनिता मलिक ने बताया कि पठनीय और स्पष्ट हस्तलेखन विद्यार्थियों को न केवल तेजी से लिखने में मदद करता है, बल्कि यह उन्हें लेखन के उच्च-स्तरीय पहलुओं और सामग्री पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा भी प्रदान करता है। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hello Rewari** **Date: 27-11-2024**


# हकेवि में हुआ हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन




**हैलो रेवाड़ी संवाददाता**


**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष हुलगाबली ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अच्छे हस्तलेखन के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम की समन्वयक, सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनिता मलिक ने बताया कि पठनीय और स्पष्ट हस्तलेखन विद्यार्थियों को न केवल तेजी से लिखने में मदद करता है, बल्कि यह उन्हें लेखन के उच्च-स्तरीय पहलुओं और सामग्री पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा भी प्रदान करता है। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने प्रतियोगिता के नियमों के बारे में सभी प्रतिभागियों को बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिराग, प्रोफेशनल असिस्टेंट और श्री सुशील, सेमी प्रोफेशनल असिस्टेंट ने आवश्यक व्यवस्था की। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. विवेक बाल्यान और मनोविज्ञान विभाग की प्रो. पायल चंदेल ने पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 29-11-2024**

## हकेंवि में हुई रंगोली प्रतियोगिता



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीस टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में दो सदस्य शामिल रहे। विश्वविद्यालय स्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष हुलगाबाली ने आयोजन के लिए पुस्तकालय टीम को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के निर्णायकों में भौतिक एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव और प्रो. नीलम सिंह सांगवान ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 29-11-2024**

## हकेंवि में रंगोली प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की 20 टीमों ने लिया हिस्सा



महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि के विभिन्न विभागों की 20 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में दो सदस्य शामिल रहे।

विवि पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष हुलगाबाली ने पुस्तकालय टीम को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि रंग हमारे चारों ओर के वातावरण के प्रति प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में कैसे सहायक होते हैं। स्पर्धा के निर्णायकों में भौतिक एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व प्रो. नीलम सिंह सांगवान ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 29-11-2024**

## पुस्तकालय सप्ताह के तहत रंगोली प्रतियोगिता



रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागी निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ ● सौजन्यः हकेंवि

**संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के पुस्तकालय द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की बीस टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रत्येक टीम में दो सदस्य शामिल रहे। विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डा. संतोष हुलगाबाली ने बताया कि कि रंग हमारे चारों ओर के वातावरण के प्रति प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में कैसे सहायक होते हैं और हमारे दृष्टिकोण तथा इंद्रियों को प्रभावित कर सकते हैं। प्रतियोगिता के निर्णायकों में भौतिक एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनीता श्रीवास्तव और प्रोफेसर नीलम सिंह सांगवान ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 29-11-2024**

## हकेंवि में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की बीस टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रत्येक टीम में दो सदस्य शामिल रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 29-11-2024**

# हकेवि. में रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

महेंद्रगढ, 28 नवम्बर (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेन्द्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा व मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की बीस टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रत्येक टीम में दो सदस्य शामिल रहे। विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष हुलगाबाली ने इस आयोजन के लिए पुस्तकालय टीम को शुमकामना दी। उन्होंने बताया कि कि रंग हमारे चारों ओर के वातावरण के प्रति प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में कैसे सहायक होते हैं और हमारे दृष्टिकोण तथा इंद्रियों को प्रभावित कर सकते हैं। प्रतियोगिता के निर्णायकों में भौतिक एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनीता श्रीवास्तव और प्रोफेसर नीलम सिंह सांगवान ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए।



*प्रतियोगिता के प्रतिभागी निर्णायक मंडल के सदस्यों व आयोजकों के साथ।*

इस कार्यक्रम की समन्वयक, सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक ने भी रंगों के भावनाओं और मनोदशाओं को व्यक्त करने की शक्ति पर जोर दिया। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने कार्यक्रम का संचालन किया और बताया कि रंग जीवन को व्यवस्थित करने और उसे संजोकर रखने में कैसे मदद करते हैं।